जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

18 नवम्बर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स ने दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) में भाग लिया

सफदरजंग, नई दिल्ली में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) में जामिया स्कूलों के जेडी/जेडब्ल्यू एनसीसी कैडेट्स ने तृतीय अधिकारी हयात आलम (लेक्चरर-अर्थशास्त्र, जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल) के मार्गदर्शन में भाग लिए जिसमें उन्हें अपने कौशल, अनुशासन और सौहार्द को बढ़ाने का एक अनूठा अवसर मिला । 2 दिल्ली नौसेना इकाई, नई दिल्ली द्वारा आयोजित इस शिविर में 5 से अधिक विद्यालयों के कैडेट्स ने भाग लिया और साथ ही गणतंत्र दिवस के लिए अभ्यास कर रहे आरडीसी के कैडेट्स ने विद्यालयों के कैडेट्स को विविध प्रकार की गतिविधियों से अवगत कराया जिससे उन का समग्र विकास हुआ।

भागीदारी और उपलब्धियां:

जामिया विद्यालयों के कैडेट्स ने 10 दिवसीय शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें उन्होंने असाधारण उत्साह एवं समर्पण का प्रदर्शन किया। उनके प्रयासों को अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियों से सम्मानित किया गया:

- कैडेट मीज़ा (दसवीं -डी, जामिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल): पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता।
- कैडेट रिदा हुसैन (दसवीं- सी, जामिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल): सबसे उद्यमी कैडेट और सर्वश्रेष्ठ फायरिंग के रूप में सम्मानित हुईं ।
- कैडेट अतिया अफ़रोज़ (दसवीं- बी, जामिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल): बास्केटबॉल और वॉलीबॉल मैच जीतने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब प्राप्त किया।
- कैडेट सबा खान (दसवीं- बी, जामिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल) को शिप मॉडलिंग में उत्कृष्टता हेतु सम्मानित किया गया।

समग्र प्रभाव:

संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अनुभव ने भाग लेने वाले कैडेटों पर गहरा असर डाला। इस शिविर ने न केवल उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं को निखारा बल्कि उनमें अनुशासन, टीम वर्क और देशभक्ति की भावना भी जागृत की। विविध गतिविधियों में भाग लेने और विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए कैडेटों के साथ बातचीत करने के अवसर ने उनके क्षितिज का विस्तार किया और उनके समग्र व्यक्तित्व विकास को समृद्ध किया।

10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में जामिया विद्यालयों के कैडेटों की सफल भागीदारी कैडेटों की लगन और कड़ी मेहनत, तृतीय अधिकारी हयात आलम के मार्गदर्शन और एन सी सी इकाई के सहयोग का प्रमाण है। इस प्रकार के अनुभव युवाओं का मार्ग प्रशस्त करने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में बहुमूल्य हैं। आशा है कि ये कैडेट अपनी शैक्षणिक एवं पाठ्येतर गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करते रहेंगे, एन सी सी की भावना को आगे बढ़ाएंगे तथा समाज में अपना सकारात्मक योगदान देंगे।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया